# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर


जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत 494001

BASTAR VISHWAVIDHYALAYA, JAGDALPUR

(DHARMPURA) DIST.- BASTAR (CG INDIA) 494001, PHONE 07782-229037, FAX 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in


# विद्यापरिषद

## की बैठक दिनांक 27.12.2018

o कार्यवाही विवरण

o विषय सूची

o विषय से संबंधित समस्त दस्तावेज सहित

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /4051/अका./ब.वि.वि./2018 जगदलपुर, दिनांक 8.../02/2019

प्रति,

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

विषय :– दिनांक 27.12.2018 को आयोजित विद्यापरिषद बैठक की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध मे।

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 27.12.2018 को आहूत की गई थी। उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक /4052/अका./ब.वि.वि./2018 जगदलपुर, दिनांक 8.../02/2019

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. माननीय राज्यपाल महोदय के संयुक्त सचिव, राजभवन, छत्तीसगढ़ राज्य रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन,नया रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. कुलपति के निज सहायक बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
05. समस्त विभाग प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /2908/अका./ब.वि.वि./2018 जगदलपुर, दिनांक 28/12/2018

## //विद्यापरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के विद्या–परिषद की बैठक दिनांक 27.12.2018 को पूर्वान्ह 12.30 बजे विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. व्ही.के. पाठक<br>कुलसचिव,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |
| 3. | डॉ. कोमल सिंह सार्वा, प्राचार्य<br>भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर | संकायाध्यक्ष<br>कला |
| 4. | डॉ. के. इंदिरा मूर्ति, प्राध्यापक<br>शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष<br>विज्ञान संकाय |
| 5. | डॉ. शरद नेमा,सह प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला ब.वि.वि., जगदलपुर | अध्यक्ष<br>वानिकी एवं वन्यजीव |
| 6. | श्री अभिषेक बाजपेयी, सहायक प्राध्यापक<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>भौतिकशास्त्र |
| 7. | डॉ. स्वपन कुमार कोले, सह प्राध्यापक<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय,<br>जगदलपुर | अध्यक्ष<br>मानवविज्ञान एवं जनजातीय |
| 8. | श्री एस.एन. चौधरी, सहायक प्राध्यापक<br>शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>अर्थशास्त्र |
| 9. | डॉ. एस.आर. बंजारे, सहायक प्राध्यापक<br>भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष<br>हिन्दी |

10. डॉ. डी.एल. पटेल, सहायक प्राध्यापक — अध्यक्ष
भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर — भूगोल

11. श्रीमती जयश्री साहू, सहायक प्राध्यापक — अध्यक्ष
शास. नवीन महाविद्यालय, केशकाल — सूक्ष्मजीव विज्ञान

12. डॉ. शिखा सरकार, सहायक प्राध्यापक — अध्यक्ष
शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा — इतिहास

13. श्री सुशील कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक — अध्यक्ष
क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर — संगणक

14. श्री सचिन द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक — अध्यक्ष
श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर — शिक्षा

उक्त सम्मिलित सदस्यों का स्वागत किया गया।

**विषय क्रमांक –1**

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद के पूर्व बैठक के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय –**

विद्यापरिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व विद्यापरिषद बैठक के कार्यवाही विवरण की सम्पुष्टि की गई।

**विषय क्रमांक –2**

एम.सी.ए. पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में लेटरल एण्ट्री प्रवेशित छात्रों के लिए संगणक अध्ययन मंडल द्वारा तैयार किये गये नियम का अनुशंसा संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

**विषय क्रमांक –3**

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ – 3–11/16/38 रायपुर दिनांक 07.09.2018 के अनुसार शासकीय शहीद बापूराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सकुमा में स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र (सीट संख्या क्रमशः 25) विषयों को शैक्षणिक सत्र 2017–18 से प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई थी। संबद्धता की प्रत्याशा में महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2017–18 से उक्त विषयों में अध्ययन/अध्यापन प्रारंभ कर दिया गया था। उक्त विषयों का संबद्धता प्रदाय करने हेतु संयुक्त निरीक्षण समिति गठित किया गया था, निरीक्षण समिति से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में संबद्धता प्रदाय करने हेतु अनुशंसा किया गया है। अतः शैक्षणिक सत्र 2017–18 से अस्थायी संबद्धता प्रदान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –



सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –4

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन एम.एस.सी रसायनशास्त्र, भूगर्भशास्त्र तथा स्नातक स्तर पर नवीन बी.ए. मानवविज्ञान, बी.एस.सी. (बायो समूह) सूक्ष्मजीव विज्ञान प्रारंभ करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदान करने की अनुमति विषयक।

विभागीय टीप –

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–4/2018/38–1 नया रायपुर दिनांक 03.08.2018 के अनुसार महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एस.सी. रसायनशास्त्र (सीट सख्या 30) भू–गर्भशास्त्र (सीट संख्या 25) तथा छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–5/2018/38–1 नया रायपुर दिनांक 03.08.2018 के अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बी.ए. मानवविज्ञान (सीट संख्या 30) बी.एस.सी. (बायो समूह) सूक्ष्मजीव विज्ञान (सीट संख्या 40) नये विषय/पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2018–19 से प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। तत्पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदाय करने हेतु संयुक्त निरीक्षण समिति गठित किया गया था, निरीक्षण समिति से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में संबद्धता प्रदाय करने हेतु अनुशंसा किया गया है।

निर्णय –

सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –5

शासकीय नवीन महाविद्यालय, नरहरपुर में कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारंभ करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदान करने की अनुमति विषयक।

विभागीय टीप –

संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा, नया रायपुर के आदेश क्रमांक 178,180/264/आउशि/योजना/2018 नया रायपुर, दिनांक 19.06.2018 के अनुसार नवीन महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला – हिन्दी, अंग्रेजी, वैकल्पिक विषय – इतिहास, राजनीतिशास्त्र, भूगोल (सीट संख्या 90), विज्ञान – (बायो समूह) रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र (सीट संख्या 90) एवं वाणिज्य संकाय (सीट संख्या 90) विषय/पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2018–19 से प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। तत्पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदाय करने हेतु संयुक्त निरीक्षण समिति गठित किया गया था, निरीक्षण समिति से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में संबद्धता प्रदाय करने हेतु अनुशंसा किया गया है।

निर्णय –



सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –6

विश्वविद्यालय अधिसूचना क्रमांक / 2797/ अका. / ब.वि.वि. / 2018 जगदलपुर, दिनांक 14.12.2018 के द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26 (2) के तहत विश्वविद्यालय परिनियम 7 के अनुसार विद्यापरिषद की स्थायी समिति का गठन किया गया है। प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –7

बस्तर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह के लिए गाउन निर्धारण करने हेतु गठित समिति के द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथिगण, विद्यापरिषद, कार्यपरिषद एवं संकायाध्यक्ष तथा गोल्ड मेडल छात्र–छात्राओं एवं पी.एच.डी हेतु गाउन के स्थान पर वेश, भूषा का चयन संबंधी प्रस्तुत प्रतिवेदन के संबंध में विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

सर्वसम्मति से प्रस्ताव मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –8

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अध्यादेश क्रमांक 5 के कंडिका 10 के अनुसार समस्त संकाय का रिजल्ट कमेटी का गठन निम्नानुसार किया जाना है:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Dean of the Faculty Concerned | : Chairman |
| (ii) | One Chairman Board of Studies | : Member |
| (iii) | One of the Tabulators Co-coordinators if any for examination of the results of which are to be considered by the Committee. Or one Professor | : Member |
| (iv) | Registrar | : Member Secretary |

उपर्युक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 3 तक के अध्यक्ष / सदस्यों का नियुक्ति करने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

निर्णय –

रिजल्ट कमेटी के सदस्यों का चयन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय जी को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया है।

विषय क्रमांक –9

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर हेतु आदिवासी लोक कला एवं आदिवासी बोली शोधपीठ की स्थापना हेतु विश्वविलय के पत्र क्रमांक 218/ब.वि.वि./2012 जगदलपुर, दिनांक 13.02.2012 के द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था।

उक्त प्रस्ताव के अनुसार अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर के पत्र क्रमांक 3309/एफ 5–3/2012/38–2 रायपुर दिनांक 30.08.2012 के अनुसार सह प्राध्यापक –01 पद एवं सहायक प्राध्यापक –02 पद स्वीकृत किया गया है। चूंकि यह शोधपीठ आदिवासियों के लोककला एवं बोली के अनुसंधान से संबंधित है। अतः बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर हेतु आदिवासी लोक कला एवं आदिवासी बोली शोधपीठ की स्थापना के लिए पद संरचना विवरण के शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में आवश्यक परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। जो निम्नलिखित होगा :–

1. प्रोफेसर/ सह निर्देशक – शोध कार्य में संबद्ध विशिष्ट विद्वान जो हिन्दी/भाषा विज्ञान में यू.जी.सी. के आचार्य की योग्यता रखता हो तथा आदिवासी क्षेत्र में शोध किये गये अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।
2. एसोसिएट प्रोफेसर/ सह संयुक्त निर्देशक – हिन्दी के क्षेत्र में यू.जी.सी. के सह प्राध्यापक की पात्रता होनी चाहिए तथा आदिवासी क्षेत्र में शोध किये गये अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।
3. सहायक प्राध्यापक/ सह सहायक निर्देशक – हिन्दी/भाषा विज्ञान में न्यूनतम 55 प्रतिशत के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं यू.जी.सी. के अनुसार होना चाहिए।

उक्त प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर हेतु आदिवासी लोक कला एवं आदिवासी बोली शोधपीठ की स्थापना के लिए पद संरचना विवरण के शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव बिन्दु क्रमांक 1,2 एवं 3 के अनुसार सर्वसम्मित से मान्य किया गया।

विषय क्रमांक –10

बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से शोध केन्द्र प्रारंभ करने हेतु आवेदन मंगाये गये थे जिसमें से निम्नलिखित महाविद्यालयों से आवेदन प्राप्त प्राप्त हुए हैं :–

1. शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव – शोध केन्द्र विषय रसायनशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र
2. शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा – शोध केन्द्र विषय इतिहास एवं राजनीतिशास्त्र
3. शासकीय इन्द्रूकेंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर – शोध केन्द्र विषय हिन्दी
4. क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर – शोध केन्द्र विषय कम्प्यूटर साईंस एवं रसायनशास्त्र

अध्यादेश क्रमांक 45 के निर्धारित मापदण्डों को पूर्ण करने पर उक्त महाविद्यालयों में संचालित विषयों पर शोध केन्द्र प्रारंभ करने हेतु प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

अध्यादेश 45 के निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण करने पर उक्त महाविद्यालयों में शोध केन्द्र हेतु विचार किया जा सकता है।

विषय क्रमांक –11

बस्तर विश्वविद्यालय में 08 विषयों क्रमशः मानवविज्ञान, वानिकी एवं वन्यजीव, समाजशास्त्र, हिन्दी, अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी एवं राजनीतिविज्ञान में (पी.एच.डी.) शोध संचालित है। दो नये विषय कम्प्यूटर साईंस एवं रसायनशास्त्र के लिए संबद्ध महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा शोध निर्देशक बनाने एवं उक्त विषय में शोध प्रारंभ करने हेतु निवेदन किया गया है। तत्संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

अध्यादेश 45 के अनुसार शोध निर्देशक उपलब्ध होने पर नये पाठ्यक्रम में शोध प्रारंभ किया जा सकता है।

विषय क्रमांक –12

अन्य कोई विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

1. एम.ए. हिन्दी (अंतिम) में बस्तर के क्षेत्रीय बोली/भाषा पर एक प्रश्न रखने संबंधी प्रस्ताव पर प्रकरण अध्ययन मंडल की आगामी बैठक में विचारार्थ रखा जावे।
2. भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर द्वारा पांच स्नातकोत्तर विषयों क्रमशः हिन्दी, राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र में शोध केन्द्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसे अध्यादेश 45 के निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण करने पर शोध केन्द्र हेतु विचार किया जा सकता है।
3. शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा इतिहास विषय पर शोध केन्द्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसे अध्यादेश 45 के निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण करने पर शोध केन्द्र हेतु विचार किया जा सकता है।

कुलपति
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)